दिन–सोमवार

दिनांक– 09 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। श्री मोदी बजट उपरांत सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से पूरे देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देखभाल करने वालों की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता जताई। श्री मोदी ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

––

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति के रास्ते को अपनाने पर जोर दिया है। डॉ. जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति पर लोकसभा में बयान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले महीने की बीस तारीख को स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार उभरते घटनाक्रमों पर नजर रख रहे हैं और संबंधित मंत्रालय प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए समन्वय कर रहे हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें तेल और गैस के कई महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय ने स्थिति पर नजर रखने और प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि कल तक लगभग सड़सठ हजार भारतीय नागरिक देश लौट चुके हैं।

––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण कल से शुरू हो रहा है। चौदह मार्च तक चलने वाली यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री दस जिलों– मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, बेगूसराय और शेखपुरा में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। कल पहले दिन मुख्यमंत्री सुपौल और मधेपुरा का दौरा करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री कुमार प्रत्येक दिन दो जिलों की यात्रा करेंगे। मत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा और सात निश्चय से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं के साथ–साथ जिले की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में अगले तीन दिनों तक बारिश की परिस्थितियां बन रही है। आज राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, शेखपुरा, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

मधुबनी व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई–मेल के जरिए मिली धमकी के बाद प्रशासन ने पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराकर सघन जांच अभियान चलाया। कहीं से किसी प्रकार का कोई विस्फोटक नहीं मिला है।

मधुबनी जिले के बाबूबही थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वाहन से चार हजार छह सौ लीटर से अधिक शराब बरामद की है। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस मामले में शराब तस्कर की भी गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

समाप्त